nandgaon times feb-23-1.qxd 2/22/2025 10:57 PM Page 1

बिलासपुर ने राजनांदगांव को 5-2 गोल से... पृष्ठ 2 | तृतीय चरण में आज सुबह 7 बजे... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


रविवार, 23 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 130, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## कैबिनेट ने लिए कई फैंसले : आईएफएस के नए पद स्वीकृत, किसानों को लेकर बड़ा फैसला

### कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन





**रायपुर ।** मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में शनिवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा बजट अनुमान वर्ष 2025-2026 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्मों और गुणवत्ता युक्त बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम-2002 के नियम 4 में छूट प्रदत्त संस्थाओं की सूची में विस्तार करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत सर्वप्रथम बीज का उपार्जन बीज निगम द्वारा राज्य के पंजीकृत बीज उत्पादक किसानों से किया जाएगा। इसके पश्चात आवश्यकता की पूर्ति के लिए राज्य की बीज उत्पादक सहकारी समितियों, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीज उत्पादन करने वाले उपक्रमों, नाफेड, म.प्र. बीज महासंघ की समितियां, भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी के रूप में चयनित संस्थाओं को बीज निगम द्वारा जारी ऑफर लेटर में से न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था या एजेंसी से किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा के पंचम सत्र माह फरवरी-मार्च 2025 हेतु राज्यपाल के अभिभाषण का मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर किसानों से उपार्जित धान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ को स्वीकृत अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि 3300 करोड़ रूपए की अनुमति का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा बैंक गारंटी से संबंधित विलेखों पर स्टाम्प शुल्क की दरों के निर्धारण के लिए भारतीय स्टाम्प अधिनियम-1899 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ कैडर के भारतीय वन सेवा के 30 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके 1992 से 1994 बैच तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ अधिकारियों को गैर कार्यात्मक आधार पर यथास्थान प्रधान मुख्य वन संरक्षक के समकक्ष स्केल प्रदाय करने हेतु आवश्यक पद सृजन का निर्णय लिया गया।

## दिल्ली की सीएम बनने के बाद पहली बार पीएम मोदी से मिलीं रेखा गुप्ता, बड़ी जिम्मेदारी सौंपने का जताया आभार



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की, जबकि उनके कैबिनेट मंत्रियों ने सड़क पर उतरकर गड्ढों वाली सड़कों की मरम्मत और शहर भर में लंबित परियोजनाओं को परखा। दिल्ली की सत्ता संभालने के बाद रेखा गुप्ता की पीएम मोदी से पहली मुलाकात है। इस दौरान इन दोनों नेताओं ने दिल्ली के विकास पर चर्चा की। उनके एक सहयोगी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान, सीएम गुप्ता ने दिल्ली की बेटी को लोगों की सेवा करने का मौका देने के लिए धन्यवाद दिया। पीएम के आवास के लिए रवाना होने से पहले, सीएम गुप्ता ने सुबह शालीमार बाग में अपने घर की पहली मंजिल की बालकनी से अपने शुभचिंतकों का अभिवादन किया। सीएम गुप्ता ने घोषणा की कि पीएम मोदी से मिल कर वो शहर की सभी महिलाओं और बेटियों की ओर से शहर की सेवा के लिए च्दिल्ली की बेटीज्ज् को चुनने के लिए आभार व्यक्त करेंगी। बाद में, मुख्यमंत्री ने बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और दिल्ली में खोदी गई सड़कों, क्षतिग्रस्त सड़कों और यातायात संबंधित मुद्दों पर चर्चा की और सुधार के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने बारापुला चरण-3 परियोजना का निरीक्षण किया। दक्षिण पूर्वी दिल्ली में सराय काले खां के पास पत्रकारों से बात करते हुए वर्मा ने कहा कि उन्होंने दिल्ली की सड़कों पर अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त निर्देश भी जारी किए हैं।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक 24 को, नेता प्रतिपक्ष के निवास पर तय होगी बजट सत्र की रणनीति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के लिए रणनीति तैयार करने कांग्रेस विधायक दल की 24 फरवरी को बैठक होगी. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के निवास में शाम 6 बजे से होने वाली बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ-साथ सभी कांग्रेस विधायक शामिल होंगे. बैठक में और पूर्व मंत्रियों को भी आमंत्रित किया गया है.

## भगवान श्री राम के लिए लिया शिव ने बागेश्वर अवतार भारत में पहली बार अवतार की मूर्तियों की स्थापना आज



**राजनांदगाव।** संस्कारधानी मे महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री बागेश्वर धाम मंदिर में प्रथम दिन के आयोजन में पार्थिव शिवलिंग निर्माण दोपहर 3:00 बजे से आरंभ होने के साथ-साथ भगवान शिव जी के बागेश्वर अवतार की मूर्तियां व अवतार का सजीव चित्रण का अनावरण रविवार 23 फरवरी संध्या 5:00 बजे आज होगा. उक्त जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर धाम मंदिर के सेवक पंकज गुप्ता,भावेश अग्रवाल विजय गुप्ता,सूरज गुप्ता,महेंद्र लोधी,हरीश भानुशाली,राजेश शर्मा मयंक शर्मा,सौरभ खंडेलवाल, विनय साहू,राकेश ठाकुर ने बताया कि भगवान महादेव शिव द्वारा भगवान श्री राम के अवतार के लिए अयोध्या में भगवान विष्णु की मानस पुत्री सरयू को लाने के लिए हुआ था। भगवान राम के अवतार की वापसी सरयू नदी के माध्यम से ही हुई थी जनकल्याण व राम अवतार के परिपेक्ष हेतु रघुवंशी राजाओं के अनुरोध पर उनके कुलगुरु ऋषि वशिष्ठ द्वारा शिवजी से प्रार्थना कर सरयू नदी देवलोक से धरती पर लाया गया,किंतु अयोध्या लाते समय मार्ग में मार्कंडेय ऋषि बीच में तप में लीन बैठे थे जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया,जिसके कारण से मुनि वशिष्ठ ब्रह्मा जी के पास गए तथा वहां से ब्रह्मा और वशिष्ठ जी महादेव जी के पास मार्ग से ऋषि को हटाने की प्रार्थना की।महादेव ने तथास्तु कहकर इसका हल स्वयं बाघ का स्वरुप व माता पार्वती गाय का स्वरूप धारण कर ऋषि मार्कंडेय के समक्ष जाते हैं तथा गए स्वरूप मां पार्वती रम्भाती है व बाघ बने शिवजी के दहाड़ने से मार्कंडेय ऋषि की समाधि भंग हो जाती है।

ऋषि के द्वारा गाय को बचाने आने पर अवरुद्ध हुआ मार्ग खुल जाता है तथा सरयू नदी अपने गंतव्य अयोध्या को चले जाती है मार्कंडेय ऋषि को आस पास देव शक्ति का आभास होने पर माता पार्वती व भगवान शिव अपने विराट स्वरूप का दर्शन उन्हें व गुरु वशिष्ठ को देते हैं उक्त कथानक में भगवान शिव बाघ व माता पार्वती गाय दोनों के द्वारा अवतार के स्वरूप का चित्रण संपूर्ण भारत में प्रथम बार श्री बागेश्वर महादेव धाम मंदिर में आज रविवार संध्या 5:00 बजे होने जा रहा है इस पुनीत पवन अवसर पर व इतिहास में साक्षी बनने हेतु श्री बागेश्वर मंदिर दरबार ट्रस्ट के संरक्षक सेवक कैलाश चंद्र गुप्ता सोहनलाल गुप्ता गणेश गुप्ता अजय गुप्ता राज गुप्ता विकास संपत गुप्ता सौरभ गुप्ता गोल्डी चंदू गुप्ताआदि संलग्न सेवकों द्वारा संस्कारधानी के समस्त शिव भक्तों से भगवान शिव पार्वती के अनावरण में अधिक से अधिक अपनी धार्मिक उपस्थिति देकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है उक्त जानकारी बागेश्वर मंदिर सेवक अजय गुप्ता और सौरव गुप्ता द्वारा दी गई।

## सांकरदाहरा में तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव 24 से



### छत्तीसगढ़ के दूसरे प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध

**डोंगरगांव ।** छत्तीसगढ़ के दूसरे प्रयाग के रूप प्रसिद्ध तीर्थस्थल सांकरदाहरा में महाशिवरात्रि के अवसर पर 24 फरवरी से तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया है। इससे पूर्व नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है, जिसका समापन 24 फरवरी को होगा। सांकरदाहरा विकास समिति देवरी के तत्वावधान् में आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ 24 फरवरी को सायं सुर सुरभि पंडवारी कार्यक्रम से होगा। इसके अंतर्गत पूनम सिन्हा पंडवारी की प्रस्तुति देगीं। पश्चात् रात्रि 8 बजे से लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम धरती के श्रृंगार की प्रस्तुति होगी। दूसरे दिन 25 फरवरी को शाम 7 बजे से प्रसिद्ध लोकधारा रायपुर का कार्यक्रम रखा गया है। सांकरदाहरा विकास समिति के अध्यक्ष कमलनारायण वैष्णव तथा सचिव मानदास साहू ने बताया कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विशाल महाशिवरात्रि मेला का आयोजन किया गया है। मेला समाप्ति के बाद 27 फरवरी को दोपहर 1 बजे से छत्तीसगढ़ी नाच का कार्यक्रम रखा गया है। समस्त कार्यक्रमों में अंचल के श्रद्धालुओं तथा ग्रामीणों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील आयोजन समिति द्वारा की गई है।




nandgaon times feb-23-1.qxd 2/22/2025 10:57 PM Page 2



# बिलासपुर ने राजनांदगांव को 5-2 गोल से हराकर जीती अस्मिता हॉकी स्टेट लीग

## रायपुर हॉकी रही तीसरे स्थान पर, डिप्टी डायरेक्टर जरनल मंयक श्रीवास्तव, कलेक्टर संजय अग्रवाल,एस0पी मोहित गर्ग के हाथो खिलाडी हुए पुरूस्कृत




**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार के सांई सेंटर व हॉकी इंडिया, के द्वारा संचालित व छत्तीसगढ हॉकी के द्वारा आयोजित अस्मिता हॉकी स्टेट लीग के फायनल मुकाबले में बिलासपुर की बालिका टीम ने राजनांदगांव हॉकी को 5-2 गोल से आसानी से पराजित करते हुए स्वर्ण पदक के साथ विजेता बनी राजनांदगांव रजत पदक के साथ उपविजेता व तीसरे स्थान पर रायपुर हॉकी ने कॉस्य पदक जीता चौथे स्थान पर कबीरधाम की टीम रही प्रतियोगिता का समापन व पुरूस्कार वितरण समारोह सांई के डिप्टी डायरेक्टर जरनल श्री मंयक श्रीवास्तव के मुख्यआतिथ्य,कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल,पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, के आतिथ्य एवं हॉकी छत्तीसगढ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव सांई सेटर के इंचार्ज के.सी त्रिपाठी, मृणाल चौबे, के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

**फायनल मैच में बिलासपुर ने राजनांदगांव को फायनल में हराया**

हॉकी स्टेडियम में आज अपरांह में खेले गए बिलासपुर और राजनांदगांव के मध्य खेला गया फायनल मैच एकतरफा रहा जिसमें बिलासपुर ने राजनांदगांव को 5-2 गोल से पराजित किया मैच के प्रारंभ से ही बिलासपुर ने राजनांदगांव पर दबाव बनाना शुरू कर दिया और 16वें मिनट में मधु ने मैदानी गोल किया लेकिन 17वें मिनट में राजनांदगांव की शीतल ने गोल कर मैच 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया था इसके बाद बिलासपुर ने मैच के 22वें मिनट में रिया ने 44वें में भुमिका के गोल से बिलासपुर 3-1 गोल से आगे थी 48वें मिनट राजनांदगांव की आराधना ने गोल कर अपनी टीम के अंतर को 3-2 स्कोर पर ला दिया था लेकिन बिलासपुर की ओर से 49वें मिनट में मधु ने व 56वे मिनट में वैश्नवी ने गोल कर बिलासपुर को 5-2 गोल से निर्णायक बढत दिलाते हुए विजेता बनी इसके पहले गए तीसरे व चौथे स्थान के लिए स्पोटर्स अकादमी रायपुर ने हॉकी कबीरधाम को कढे मुकाबले में 3-2 गोलसे पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया रायपुर की ओर से नंदिता, हार्षिता, और कप्तान नम्रता ने गोल किया वहीं कबीरधाम की ओर से यशोदा व रूखमणी ने गोल किया।

**अतिथियों ने किया संबोधित:-**

अस्मिता हॉकी स्टेट लीग का पुरूस्कार वितरण करते हुए डिप्टि डायरेक्टर जरनल सांई दिल्ली ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ में खिलाडियों ने खेल की कला को समृद्ध किया है कोच भी अच्छे प्रशिक्षण दे रहे है यह टूर्नामेट भारत सरकार के ओर से बालिकाओ के खेल कौशल के परिपूर्ण करने के उद्धेश्य से अस्मिता हॉकी स्टेट लीग के नाम से आयोजित किया गया है जिसमें सरकार अपने उद्धेश्य में सफल भी हो रही है, कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दोनो टीमो बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चो में अपनी प्रतिभाओं को दिखाने में मौका मिलता है मैं इसके लिए आयोजको को धन्यवाद देता हूॅं। इसके पूर्व आयोजन समिति के सचिव व छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी आभार प्रदर्शन छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने किया स्वागत भाषाण दिया। अतिथियों को आयोजन समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**आई0जी0, कलेक्टर व एस0पी के हाथो हुआ पुरूस्कार वितरण:-**

भारतीय खेल प्राधिकरण व हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ हॉकी के द्वारा आयोजित अस्मिता हॉकी स्टेट लीग प्रतियोगिता में अतिथियों द्वारा विजेता टीम बिलासपुर को स्वर्ण पदक व आक्रर्षक ट्राफी के साथ दो लाख रूपये का चेक उपविजेता टीम को रजत पदक ट्राफी व एक लाख साठ हजार रूपये का चेक व तीसरे स्थान पर आयी रायपुर हॉकी को कास्य पदक ट्राफी व एक लाख बीस हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया।

**सब जूनियर वर्ग में राजनांदगांव की एकतरफा जीत:-**

अस्मिता हॉकी स्टेट लीग में सब जूनियर वर्ग में खेली जा रही बालिकाओं के मैच में आज प्रात: खेले गए पहले मैच में जगदलपुर और जशपुर के मध्य गया मैच गोल रहित बराबरी पर खत्म हुआ व दोनो टीमो को 1-1 अंक मिला दुसरे खेले मैच मे मेजबान राजनांदगांव ने एकतरफा मुकाबले में हॉकी बालोद को 9-0 गोल से पराजित कर 3 अंक प्राप्त किया।

आज के समापन समारोह में प्रमुख रूप से रमेश डाकलिया, कुतुबुद्धीन सोलंकी,भूषण साव ,नीलमचंद जैन,अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे,गणेश प्रसाद शर्मा (गन्नू), भुषण सॉव,



शिवनाराण धकेता, रणविजय प्रताप सिंह, अजय झा, रामअवतार जोशी, अब्दुल कादिर,अनुराज श्रीवास्तव, तीरथ गौस्वामी, प्रियंका,दिव्या सांई सेंटर कोच, सचिन खोब्रागढे, अभिनव मिश्रा, कृष्णा यादव, खुशाल यादव,रूपेश जायसवाल एवं अन्य हॉकी प्रेमीजनता उपस्थित थे।

**सब जूनियर बालिका वर्ग में आज 4 मैच खेले जाएंगे**

सुबह 8 बजे पहला मैच हॉकी कबीरधाम विरुद्ध हॉकी बिलासपुर मध्य खेला जाएगादूसरा मैच 9.30 बजे हॉकी बालोद विरुद्ध हॉकी जशपुर के मध्य खेला जायेग तीसरा मैच दोपहर 2.30 बजे स्पोट्र्स हॉकी अकादमी विरुद्ध हॉकी जांजगीर चम्पा चौथा मैच संध्या 4 बजे हॉकी राजनांदगांव विरुद्ध हॉकी जगदलपुर के मध्य खेला जाएगा

# जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में बैग लेस डे के दौरान स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन

## पलाश के फूल से गुलाल ,नीम की पत्ती से बच्चे बना रहे हैं हर्बल साबुन

**डोंगरगांव।** जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में बैग लेस डे के दौरान स्किल डेवलपमेंट का कार्यक्रम चल रहा है।इस कार्यक्रम में 11 स्किल सिखाया जा रहा है। जिसमें गुलाल बनाना, केक बनाना, मोमबत्ती निर्माण कला, इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक,डांस, पेंटिंग, योगा, फुटबॉल प्लेयिंग,वुड क्राफ्ट,बंबू कला, हर्बल साबुन ,हर्बल गुलाल , आदि बनाने की कला को विकसित करने के लिए बाहर से प्रशिक्षक बुलाया गया है। यह कार्यक्रम कक्षा छठवीं से लेकर के नवमी तक के बच्चों के लिए चल रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत बैकलेस डे का कॉन्सेप्ट रखा गया है।जिसमें बच्चे 10 दिन बिना बेग के बच्चे स्कूल आएंगे और अपनी इच्छा के अनुरूप जिस स्किल को सीखना चाहते हैं उस स्किल को सीखने का प्रयास करेंगे। इसके लिए नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में बच्चों के कौशल विकास के लिए बहुत ही सुंदर प्रबंध किया है । कक्षा छठवीं से नवमी तक के 320 बच्चों को 11समूह में बांटा गया है। बच्चों के कौशल विकास के लिए सबसे पहले बच्चों को ही पूछा गया कि वे क्या-क्या सीखना चाहते हैं और उनके रुचि के रूप उन्हें 30-30 बच्चों के समूह में रखा गया है। प्रत्येक कला को अच्छे से सीखने के लिए दो-दो शिक्षकों को इंचार्ज बनाया गया है और बाहर से एक-एक प्रशिक्षक बुलाया गया



है जो प्रतिदिन इन्हें प्रशिक्षण दे रहे हैं। बैग लेस डे का यह स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम 17फरवरी से प्रारंभ हुआ है जो 26 फरवरी तक चलेगा। स्किल डेवलपमेंट का यह कार्यक्रम बच्चों के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है। बच्चे हर कला में बहुत ही उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं एवं हर कला को सीख रहे हैं। इसमें कुछ कला के बारे में बच्चे बिल्कुल परिचित नहीं थे ।जैसे घर में साबुन निर्माण करने की कला,घर में गुलाल बनाने की कला । घर में ही केक और मोमबत्ती बनाने की कला।यहां पर बच्चे ट्रेनर के माध्यम से पालक से, पलाश के फूल से लालभाजी से ,चुकंदर से रंग बिरंग के गुलाल बना रहे हैं ।इसे देखकर हर कोई मंत्र मुग्ध है। ऐसे ही हर्बल साबुन बच्चे बना रहे हैं जिसमें नीम के पत्ते से, गुलाब से ,एलोवेरा से बच्चे साबुन बना रहे हैं इसके साथ ही साथ हर्बल फिनायल और डिटर्जेंट भी तैयार कर रहे हैं । बच्चे अपने हाथों से केक और मोमबत्ती बना रहे हैं ।जो बच्चों के लिए अनोखा अनुभव है। इसी तरह बांस के माध्यम से अनेकों प्रकार के आइटम बच्चे तैयार कर रहे हैं। इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक कला के माध्यम से बच्चे एक साथ अलग-अलग वाद्य यंत्र को बजाना सीख रहे हैं ।इसके साथ ही साथ रोबोटिक्स और एनीमेशन का कार्यक्रम भी चल रहा है इसे बच्चे बड़े उत्साह से इसको सीख रहे हैं ।इसी तरह फुटबॉल कला भी सिखाई जा रही है जिसमें 30 बच्चे भाग लेकर मैदान में खेल रहे हैं और अपनी स्किल को डेवलप कर रहे हैं ।योगा और डांस भी यहां पर चल रहा है जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और इस कला में अपने आप को सिद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं। यह कार्यक्रम प्राचार्य रूपेंद्र कुमार उप प्राचार्य संजय कुमार के निर्देशन में और आर चंद्रा (पीजीटी हिंदी) एवं अनिल कुमार पॉल के नेतृत्व में पूरा कार्यक्रम चल रहा है ।जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक विशेष रूप से सहयोग कर रहे हैं।

# डोंगरगांव मेला मंडई में दो गुटों में जमकर मारपीट, दो गंभीर

**डोंगरगांव।** डोंगरगांव में गुरूवार को मेला मंडई का आयोजन किया गया था, जहां कुछ युवकों के द्वारा वाद विवाद किया गया और लात घुसे भी चले। मिली जानकारी के अनुसार देर रात्रि करीब 10 बजे मेला में घुमने आये दो गुटों के युवकों में जमकर झगड़ा हुआ। जिसमें करीब दर्जन भर लोगों को चोट आई है। सूत्रों की माने तो शहर में गैंग बनाकर घुमने वाले युवकों के चलते माहौल लगातार खराब हो रहा है। इसी का नतीजा है कि मेले में दो ग्रुप में घुम रहे युवकों के बीच बच्ची को धक्का लगने को लेकर लड़ाई शुरू हुई और यह इस कदर बढ़ी की दो गंभीर रूप से घायल लोंगो को रिफर तक किया गया। नवनिर्वाचित पार्षद प्रफुल्ल जैन को जानकारी मिली कि मेला में दो ग्रुप में लड़ाई हो रही है। जिसके बाद उन्होने थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी। वहीं मौके पर तथा आस-पास पुलिस जवान नहीं होने के चलते इन अपराधियों के हौलसे बुलंद हो जाते हैं और अक्सर भीड-भाड़ वाले स्थान में लड़ाई झागडे और वाद - विवाद की स्थिति निर्मित करते हैं। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार पौने दस बजे से लेकर रात्रि 2 बजे तक अनेक युवकों को घायल अवस्था में डोंगरगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसमें रागेश्वर पिता पवन साहू 21 वर्ष जामसरार, मोहित पिता धनेश पटेल 17 वर्ष बगदई, मनीष पिता कमलेश पटेल 17 वर्ष मटिया, अजय पिता चुरामन पटेल 28 वर्ष आरी, हिमांशु पिता धनुषराम 19 वर्ष डोंगरगांव, कमलेश पिता लखनलाल 35 वर्ष डोंगरगांव, ईश्वर पिता महेश यादव 19 वर्ष डोंगरगांव, डोमेश यादव 19 वर्ष मोहला, थानेस पिता कमलेश पिता कमलेश साहू 30 वर्ष जामसरार, तरूण पिता कृष्णा रामटेके 25 वर्ष डोंगरगांव को चोट आने के चलते अस्पताल में इलाज कराया गया. वहीं कुनाल पिता राकेश देवांगन 22 वर्ष डोंगरगांव तथा हिमांशु सेवकराम साहू 23 वर्ष मटिया को चोटिल अवस्था में अस्पताल लाया गया था और स्थिति को देखते हुए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है।

**पुलिस की मुस्तैदी को लेकर नागरिकों ने उठाए सवाल**

## कल उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी स्वदेशी मेले में पहुंचेंगे -मनोज निर्वाणी


**राजनंदगांव( नांदगाँव टाइम्स )।** स्वदेशी मेला के सहसंयोजक मनोज निर्वाणी ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री



माननीय श्री अरुण साव जी 23 फरवरी को स्टेट हाई स्कूल में आयोजित मेले में शामिल होंगे श्री निर्वाणी ने बताया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी स्वदेशी मेला में बहुत रुचि रखते हैं जहां स्वदेशी मेला होता है वहां वह जरूर पहुंचते हैं इसके पूर्व भी राजनांदगांव में स्वदेशी मेला में उनका आगमन हो चुका है पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समापन में स्वदेशी मेला राजनंदगांव में आने की बात उन्होंने की थी जिसको लेकर कल 23 फरवरी को हेलीकॉप्टर के माध्यम से शाम 5:00 राजनांदगांव पहुंचेंगे तथा स्वदेशी मेले में शामिल होंगे।

## जनपद पंचायत खैरागढ़ क्षेत्र क्रमांक 16 से लखन साहू तीसरी बार विजयी

**खैरागढ़ ( नांदगाँव टाइम्स )** । जनपद पंचायत खैरागढ़ के क्षेत्र क्रमांक 16 (पेंड्रीकला, दपका, भरदा, देवारीभाट) से भाजपा



समर्थित प्रत्याशी लखन साहू ने 400 से अधिक मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह उनकी लगातार तीसरी जीत है, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। सादगी और सरल स्वभाव के धनी लखन साहू संगठन खेमे की पसंद माने जाते हैं और जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए मजबूत दावेदार बताए जा रहे हैं। चुनावी जीत के बाद लखन साहू ने क्षेत्र के देव तुल्य मतदाताओं, भाजपा संगठन के कर्मठ कार्यकर्ताओं, क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष बिसेसर साहू एवं विक्रांत सिंह का आभार प्रकट किया। उनकी इस ऐतिहासिक जीत पर समर्थकों ने उत्साहपूर्वक ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। लखन साहू ने जनता को भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र के विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे और हर संभव प्रयास करेंगे कि जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान हो।

## श्रीमद् भागवत 26 से

**डोंगरगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** डोंगरगांव के समीपस्थ ग्राम कलडबरी में शिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन २६ फरवरी से ६ मार्च २०२५ तक साहू परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सौजन्य से आयोजन रखा गया है। अंचल के प्रख्यात धाराप्रवाह कथा वाचक पं. राजू शर्मा कोलियारा वाले होंगे कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठावें एवं पूण्य फल के भागीदर बने। कार्यक्रम में संतानहीन रोगी बीमार नि:शुल्क समाधान किया जावेगा ।

# बूंद बूंद के मिलन से, जल में गति आ जाये सरिता बन सागर मिले सागर बूंद समाये - निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज

## बिम्ब और प्रतिबिम्ब में केवल यही अंतर होता है की बिम्ब प्रत्यक्ष और प्रतिबिम्ब परोक्ष होता है - निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीरसागर महाराज




**डोंगरगढ़।** उन्होंने कहा कि जैसे एक मां अपने बच्चों को समय ड्ड समय आवश्यकता अनुसार कभी कम कभी ज्यादा निर्देश दिया करती है उसी प्रकार आचार्य गुरूदेव अपने शिष्यों को कभी कम तो कभी ज्यादा तो कभी मौन रहकर के भी जब जैसी आवश्यकता हो कह दिया करते थे। मुनि श्री ने कहा कि सन् 1992 में जब हमारा चातुर्मास विदिशा मध्यप्रदेश में चल रहा था उस समय गुरुदेव की दीक्षा के पच्चीस वर्ष पूर्ण होकर रजत जयंति मनाई जा रही थी तो हमने भी कुछ सोचा और आचार्य श्री के प्रवचनों से उन सूत्रों को इकटठा करना शुरू किया। उसके पश्चात जबलपुर मड़िया जी,बीनाबारह,रामटेक,चातुर्मास के पश्चात विधान हुआ और जब हम अमरकंटक पहुंचे और आचार्य श्री से निवेदन किया कि हमने आपके प्रवचनों के सूत्रों से संग्रह किया है 7 एक बार यदि आपकी नजर पड़ जाऐ तो ठीक रहेगा और इस संग्रह को आप कोई नाम दे दीजिये 7 गुरुदेव ने हमारी ओर देखा और कहा कि देख लो जैसा तुमको अच्छा लगे उसी में से निकाल लेना हम बड़े उत्साह के साथ आचार्य श्री के पास गये थे 7 आचार्य श्री ने जब कुछ नहीं कहा तो मन में निराशा तो हुई लेकिन दोपहर में आचार्य गुरूदेव ने बुलाया और कहा कि सुवह जो निवेदन किया गया था सामायिक के समय एक दोहा बना है उसमें से यदि तुम निकाल सको तो निकाल लेना तो आचार्य श्री ने दोहा सुनाते हुये कहा बूंद बूंद के मिलन से, जल में गति आ जाये सरिता बन सागर मिले, सागर बूंद समाये इस प्रकार आचार्य श्री के प्रवचनों का सार संग्रह सागर बूंद समाये की तैयारी विदिशा से प्रारंभ हुआ उसे हमने पांच खंडों में शुरु हुआ था 7 मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री हमेशा अपने शिष्यों की जिज्ञासाओं की पूर्ती कर दिया करते थे। निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीरसागर महाराज जी ने कहा की आचार्य श्री विद्यासागर जी और आचार्य श्री समयसागर जी में बहुत सारी समानतायें नज़र आती है जैसे दोनों की चाल एक जैसी है, दोनों की मुस्कान एक जैसी है, दोनों के चेहरे एक जैसे है, दोनों मे गंभीरता एक जैसी है और दोनों के मूल गुण भी छत्तीस है 7 मुझे आचार्य श्री विद्यासागर जी ने दीक्षा दी और शिक्षा आचार्य श्री समयसागर जी ने दी 7 ऐसे बहुत से मुनि



और आर्यिका हैं जिन्हें दीक्षा तो आचार्य श्री विद्यासागर जी ने दी लेकिन शिक्षा के लिए वे आचार्य श्री समयसागर जी के पास ही भेजते थे 7 जैसा और जितना आचार्य श्री विद्यासागर जी कहते कहते थे आचार्य श्री समयसागर जी वैसा और उतना ही पढ़ाते थे7 आज हम प्रत्यक्ष में भगवान के दर्शन नहीं कर सकते इसलिए जिन बिम्ब में परोक्ष रूप से करते हैं 7 बिम्ब और प्रतिबिम्ब में केवल यही अंतर होता है की बिम्ब प्रत्यक्ष और प्रतिबिम्ब परोक्ष होता है 7 आज आचार्य श्री हमारे बिच नहीं है लेकिन उनकी प्रतिकृति विद्या निधि आचार्य श्री समयसागर जी हमारे पास है 7 उनकी गंभीरता, तत्व ज्ञान, पढ़ाने की शैली सब कुछ आचार्य श्री के समान ही लगती है ।

## साकरदाहरा नदी में मिला युवती का शव, हत्या या आत्महयता पुलिस कर रही जांच

**डोंगरगांव।** मोक्षधाम साकरदाहरा के नाम से प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जहां शिवनाथ नदी बहती है वहीं एक घाट के पास 19 वर्षीय युवती की लाश मिलने से हड़कम मच गया। मौके पर नहाने गए कुछ युवकों ने युवती का शव देखा और इसकी सूचना आसपास के लोगों को और



डोंगरगांव पुलिस को दी गई। नहाने गए युवकों ने शव को करीब दोपहर डेढ़ बजे देखा और उसके बाद यह खबर आग की तरह फैल गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने इस बात को आसपास के गांव तक भी पहुंचा और युवती के संबंध में कुछ जानकारियां सामने आयी। मृतक युवती पास ही लगे ग्राम बेंदरकट्टा में रहती थी और पिछले 20 फरवरी को डोंगरगांव थाने में परिजनों ने इसके गुमइंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से परिजन और पुलिस युवती की तलाश कर रहे थे और अचानक 22 जनवरी शनिवार दोपहर को साकरदाहरा के शिवनाथ नदी में मृत अवस्था में तैरती मिली। मृतक युवती की पहचान शालिनी त्रिपुड़े पिता स्वर्गीय मनोज त्रिपुड़े 19 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक युवती के अलावा परिवार में मां और एक बड़ी बहन है जो छुरिया तहसील के अंतर्गत आने वाले घोटिया ग्राम की रहने वाली है और वह ग्राम बेंदरकट्टा में अपने मामा के यहां रहकर डोंगरगांव से पढ़ाई कर रही थी। वहीं परिजनों ने बताया कि कुछ दिनों से स्वास्थ्य खराब था और इलाज चल रहा था। शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए डोंगरगांव लाया गया और पीएम पश्चात शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। इधर इस मामले में डोंगरगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

## संस्कार सिटी कॉलेज ऑफएजुकेशन में मातृभाषा दिवस समारोह का आयोजन

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में दिनांक 21.02.2025 को मातृभाषा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सहायक प्राध्यापक व प्रशिक्षणार्थियों के बीच संगोष्ठी एवं संवाद



में मातृभाषा के भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके पश्चात प्रशिक्षणार्थियों में हिंदी भाषा के महत्व पर प्रशिक्षणार्थियों ने भाषण, कविताएं एवं गीत प्रस्तुत किया। इसका आयोजन भाषण और सांस्कृतिक विविधताओं के बारे में जागरूकता फैलाने और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए किया गया। भारत में सैकड़ों भाषाओं और हजारों बोलियां का घर है या भारत को भाषाई और सांस्कृतिक विविधता की दुनियां में सबसे अनोखा बनाने की एक पहल है।

**शुभांक**

**1-6-9**

**224-8 455-4**


**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ0ग0)**

// उद्घोषणा//

रा.प्र.क्र.-202502291500002
शीर्ष 5-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक / 116/वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 13/02/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका/केता श्रीमती रंजीता वर्मा पति श्री खेमराज वर्मा निवासी खैरागढ़, तहसील-खैरागढ़, जिला-के0सी0जी0 द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला सिविल लाईन, ब्लाक नं. 01, स्थित भूखण्ड कमांक 16/11 का टुकड़ा रकबा 16,706 वर्गफूट में से 450 वर्गफूट को आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 27.11.2024 के माध्यम से अनावेदक/विक्रेता मेसर्स रामजानकी ग्रुप द्वारा पार्टनर अनुज गुप्ता आ0 रामसहाय गुप्ता वगैरह साकिन खैरागढ़ से क्रय उपरांत उक्त वाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर अपना नाम दर्ज किए जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर आवेदिका के नाम पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13-02-2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

nandgaon times feb-23-1.qxd 2/22/2025 10:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

1) भारत छोड़ो आंदोलन के समय कांग्रेस रेडियो का संचालन किसने किया था?

2) किस देश ने दुनिया का पहला मीथेन संचालित रॉकेट जुके-2 सफलतापूर्वक लॉन्च किया है?

3) दुलहस्ती पावर स्टेशन किस नदी पर स्थित है?

4) लार्ड डलहौजी के शासनकाल में चलाई गई पहली भारतीय रेल का नाम क्या था?

5) हाल ही में गुजरात के किस मशहूर फोटो जर्नलिस्ट का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) उशा मेहता (2) चीन (3) चेनाब नदी (4) ब्लैक ब्यूटी (5) जवेरीलाल मेहता

# तृतीय चरण में आज सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र के लिए होगा मतदान

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत तृतीय चरण में 23 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र में मतदान सुचारू संपन्न कराने के लिए आज पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव एवं पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ से मतदान सामग्री के साथ मतदान दल को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने मतदान सामग्री वितरण केन्द्र पहुंचकर मतदान दलों को किए जा रहे मतदान सामग्री वितरण का निरीक्षण किया एवं मतदान सामग्री वितरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों से बातचीत की और सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। मतदान दल ऊर्जा एवं उत्साह के साथ वाहन के माध्यम से अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए रवाना हो गए।



उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्र में निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। साथ ही मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए छांव, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था रहेगी। मतदान दल बारी-बारी से मतदान सामग्री लेकर वाहन से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत तृतीय चरण में 23 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र में मतदान संपन्न होगा। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 4 जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद पंचायत सदस्य, 100 सरपंच एवं 1400 पंच पद के लिए मतदान होगा। जनपद पंचायत क्षेत्र डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत 100 पंचायत के 263 मतदान केन्द्रों में मतदान होगा। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1 लाख 31 हजार 971 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 66 हजार 754 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 65 हजार 217 है। जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 2 जिला पंचायत सदस्य, 20 जनपद पंचायत सदस्य, 76 सरपंच एवं 1057 पंच पदों के लिए मतदान होगा। जनपद पंचायत क्षेत्र डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत 76 पंचायत में 209 मतदान केन्द्र में मतदान किया जाएगा। जिसमें मतदाताओं की संख्या 98 हजार 679 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 49 हजार 330 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 49 हजार 349 है।

## महंगाई और बेरोजगारी की समस्या हल करने ध्यान नहीं दे रही भाजपा सरकार - नीरज कन्नौजे

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** कन्नौजे ने सरकार को सुझाव दिया है कि वह अपने नगर निगमों में सौंदर्य करण के नाम पर सिर्फ गरीबों को सताना बंद करें कई अमीरों ने सड़क तक पक्के निर्माण कर लिए हैं। उनको हटाने की हिम्मत नहीं जुटाती है। उनके बुलडोजर का दम सिर्फ ठेले खुमचे से हटाने तक दिखता है। गरीबों को सताना बहादुरी की बात नहीं है। श्री कन्नौजे ने सुझाव दिया कि अगर वह सौंदर्य करण के नाम पर गरीबों को सड़कों से हटाते हैं तो उन्हें रोजी-रोटी चलाने के लिए सुव्यवस्थित जगह दे ऐसी सुव्यवस्थित जगह जहां उनकी रोजी-रोटी अच्छी तरह चल सके। श्री कन्नौजे ने पसरा टैक्स बंद करने की मांग की है। निगम द्वारा पसरा टैक्स लेने से कई गरीबों को नुकसान हो



रहा है। ले दे के वह दो पैसा कमा पाते हैं वह भी रोज का टैक्स भरने में चला जाता है। यदि छोटे-मोटे ठेले खूमचे और पसरे वाले दूर दराज के गांव से आते हैं तो उन्हें आने-जाने का बस ई रिक्शा ऑटो रिक्शा रेल आदि का किराया भाडा अलग-अलग लगता है। ऐसे में उन्हें घर चलाना बहुत मुश्किल हो जाता है। सरकार को चाहिए कि छोटे-छोटे गरीब व्यवसाययों को इसी तरह प्रोत्साहित करें और राहत दें। बेरोजगारी की समस्या पर उन्होंने कहा कि शहर में कई शिक्षित और अल्प शिक्षित बेरोजगार रोजी-रोजगार शुरू करने समुचित धन भी नहीं जुटा पा रहे हैं। ऐसे में उन्हें बैंको से न्यूनतम ब्याज दर पर बैंक लोन दिलाने पहल की जाए।

## ग्राम पंचायत घुपशाल से नरेश शुक्ला हुये सरपंच निर्वाचित

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ने ग्राम पंचायत घुपशाल जिला राजनांदगांव से सरपंच पद पर नरेश शुक्ला ने विजयीश्री प्राप्त किया है जिसके बाद आज जनपद पंचायत मुख्यालय छुरिया में उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौपा गया नरेश शुक्ला ने सरपंच निर्वाचित होने के बाद कहा की गाँव के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुचना ही मेरा लक्ष्य रहेगा ग्राम पंचायत में दो गाँव आते है घुपशाला और लाटमेटा दोनों गाँव का विकास ही मेरा लक्ष्य है ग्राम को सुंदर सुरक्षित स्वास्थ और जिले का ग्राम पंचायत घुपशाल के दोनों गाँव लाटमेटा और घुपसाल को माडल गाँव के रूप में विकसित करना का ही मेरा लक्ष्य रहेगा।



## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी को बधाई देने पहुंचे -- भाजपा नेता मनोज निर्वाणी

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज निर्वाणी आज राजनांदगांव से अपने साथियों के साथ माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें बधाई देने के लिए उनके निवास सीएम हाउस रायपुर पहुंचे श्री निर्वाणी ने बधाई देते हुए कहा कि पूरे राजनांदगांव के जिले की ओर से बधाई तथा छत्तीसगढ़ में नगर निगम चुनाव में 10 में 10 पालिका चुनाव में 49 में 34 तथा नगर पंचायत के चुनाव में 114 में 94 सीटों में भारतीय जनता पार्टी की जो विजय है निश्चित ही वह सरकार की सफलता का प्रतीक है महतारी वंदन हो या किसान के धान के एक-एक दाना की खरीदी हो सरकार अपने वादे पर खरा उतरी है इन बातों का भी उल्लेख करते हुए श्री निर्वाणी ने मुख्यमंत्री जी को बधाई शुभकामनाएं अर्पित की उनके साथ पूर्व महापौर अजीत जैन तथा पूर्व मंडल भाजपा के अध्यक्ष जिला भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री राधेश्याम गुप्ता जी मौजूद रहे।



## महाशिवरात्रि पर महाकाल पगड़ी यात्रा 26 फरवरी को

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाकाल पगड़ी यात्रा 26 फरवरी 2025 दिन बुधवार को बाबा महाकाल जी का नगर भ्रमण को पधार रहे है। महाकाल भक्त जनों ने बताया कि महाकाल सवारी यात्रा दोपहर 3 बजे से कुंआ चौक नंदई से प्रारंभ होगी। जो नदई, कुआं चौक, सदर बाजार, भारत माता चौक, गंज लाइन, काली माई मंदिर, रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन, सत्यनारायण मंदिर, भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक होते हुए दुर्गा चौक, बासपाई पारा चौक, इंदिरा नगर से नदई की ओर जाएगी और नदई में यात्रा का विश्राम रहेगा। काली माई मंदिर में शिव शक्ति मिलन का आयोजन रहेगा। सत्यनारायण मंदिर में हरिहर मिलन का आयोजन रहेगा और सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा महाकाल सवारी यात्रा के दौरान भक्तों के लिए ठंडई की प्रसादी का वितरण किया जाएगा। रात्रि में सिंगदई और हल्दी में भी महाकाल यात्रा निकाली जाएगी। आप सभी भक्तजन यात्रा में शामिल होकर बाबा श्री महाकाल जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।




## पदगुड़ा पंचायत की कमान जानकी बाई कौशल दूसरी बार संभालेंगी

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत पदगुड़ा विकासखंड छुरिया से सरपंच पद के उम्मीदवार श्रीमती जानकी बाई कौशल लगातार दूसरी बार 15 मतों से नवनिर्वाचित हुई।यहां पर अन्य चार उम्मीदवार मैदान में थे.कड़ी टक्कर के बीच यहां विजय श्री हासिल की है, जीत के बाद ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी। समस्त ग्रामवासी आमजन बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद उन्हें मिला जिससे वहां जीत हासिल की,जानकी बाई कौशल ने अपने जीत का श्रेय आम जनता, समस्त ग्रामवासी एवं पदगुड़ा का जीत बताया और अपना आभार धन्यवाद समस्त मतदाता गण एवं ग्राम ग्रामवासी पदगुड़ा से दी।



## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 26 फरवरी से 6 मार्च - कलडबरी में

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह डोंगरगांव समीपस्थ ग्राम- कलडबरी में शिवरात्रि के पावन अवसर पर 26 फरवरी से 6 मार्च तक श्रीमद् भागवत प्रवचन का आयोजन साहू परिवार के सौजन्य से रखा गया है,कथा व्यास पं. राजू शर्मा जी कोलियारा वाले होगें कार्यक्रम का अधिकाधिक संख्या में लाभ उठावें। रोगी बीमार, नि:संतान नि:शुल्क प्रमर्श हेतु सम्पर्क करें।



## निधन



### मनरखना लाल देवांगन

**डोंगरगांव।** ग्राम पंचायत कोरगुडा (मालीघोरी )निवासी 80 वर्षीया मनरखना लाल देवांगन का 22 फरवरी को निधन हो गया उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से निकली गई उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया उनके एक पुत्र तीन पुत्री है वे भरपूर परिवार छोड़ गए

## लगभग 5.63 एकड़ अभिनंदन गेलेक्सी की आड़ में 22 एकड़ में अवैध प्लाटिंग कर शासन को आर्थिक क्षति पहुँचने वाले दोषियों के खिलाफ एफआई.आर की माँग फिर सी.एम.से - ओस्तवाल

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** शहर शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से यह कहा कि, निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत जिस तरह से अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफ्यिाओं एवं भूमि स्वामियों को विधि के अनुसार नोटिसों की आड़ में राजनांदगांव नगर निगम की भवन विकास अनुज्ञा शाखा और शासन के सबंधित इसके विभाग प्रमुख अधिकारियों-कर्मचारियों की मिली भगत के चलते अवैध प्लाटिंग लगभग 20 से 25 एकड़ में होने के बावजूद जो नियमितिकरण का खेल कर शासन को जो वित्तीय हानि करोड़ों रूपयों की पहुँचाने का जो भष्ट्राचार निगम के एवं अन्य विभाग प्रमुख अधिकारियों के संरक्षण में उक्त भू-माफ्यिों और उक्त कॉलोनाईजर की कॉलोनी की आड़ में जो खेला गया वह उनकी बीना मिलीभगत एवं संरक्षण के संभव नहीं है? पूर्व में मेरे द्वारा दिनांक 14.01.2025 को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन सचिव, संचालक, कलेक्टर एवं निगम आयुक्त को इस अभिनंदन गेलेक्सी की आड़ में जो भष्ट्राचार करके भू-माफ्यिों को आर्थिक लाभ पहुँचाया गया है। जिसकी मेरे द्वारा शिकायत की गई अवैध प्लाटिँग को लेकर शासन के नियम विरूद्ध कार्य करने का जो भष्ट्राचार आज के समाचार पत्रों में सामने आया है। उसमें दोषी कॉलोनाईजर एवं संबंधित जिन-विभाग प्रमुख अधिकारियों/कर्मचारियों की जो भूमिका संल्पित है



उस पूरे मामले की संल्प्तिा की जाँच का बिन्दुवार खुलासा करते हुए एफआई.आर. दर्ज करवाई जाए क्योंकि जिस तरह से स्थानीय अधिकारियों की मिली भगत से यह कार्यवाही नहीं हो पायी और लगभग 6 एकड़ क्षेत्रफल में रेरा कानून में पास कराया गया और उसकी आड़ में लभगभ 22 एकड़ क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग कर जनता को गुमराह करते हुए बेच दिया गया और नगर निगम के संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियों आदि की मिलीभगत के चलते गैर कानूनी ढंग से नियमितिकरण करके गंभीर अपराध किया है। इसके अलावा अवैध कॉलोनी का जो नियमितिकरण करके शासन एवं निगम को करोड़ो रूपयें की आर्थिक नुकसान पहुँचाया गया है । श्री ओस्तवाल ने कहा कि, इस पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच पर भी सवाल उठ रहे है की त्वरित दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बजाय जो मामले को दबाने का काम निगम के भष्ट्र अधिकारी जो कर रहे थे वही राज्य शासन के द्वारा जब इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए दो दिवस के भीतर सम्पूर्ण मामले की सीडी सहित सम्पूर्ण जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अवर सचिव के द्वारा आयुक्त,अनुविभागीय अधिकारी और उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग को जारी किया गया है और जिले के कलेक्टर महोदय से अनुरोध है कि, इस सम्पूर्ण मामले की जाँच का खुलासा करते हुए

## धर्म समाचार....

## घर में बनाए रखनी है खुशियां, तो गांठ बांध लें चाणक्य की ये बातें

आचार्य चाणक्य ने अपने नीतिशास्त्र में जीवन के भी कई पहलुओं के विषय में बताया है। चाणक्य नीति में मनुष्य के जीवन को सरल और सफल बनाने से जुड़ी कई बातों का उल्लेख मिलता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि अगर आप अपने जीवन में ये बदलाव करते हैं तो इससे घर-परिवार में खुशियां बनी रहती है। आचार्य चाणक्य की नीति सबसे लोकप्रिय नीतियों में शामिल है। ऐसे में आप भी इसे अपने जीवन में अपनाकर लाभ देख सकते हैं। किसी भी परिवार में खुशियां तभी बनी रहती हैं, जब वहा किसी भी तरह का भेदभाव, जलन और नफरत की भावना न हो। तो चलिए जानते हैं कि इस विषय में आचार्य चाणक्य का क्या कहता हैं।




**इस आदत में करें बदलाव**

मां अन्नपूर्णा को हिंदू धर्म में अन्न की देवी के रूप में पूजा जाता है, इसलिए कभी न तो अन्न बर्बाद करेंऔर न ही किसी सदस्य को करने दें। परिवार के बच्चों में भी यही आदते डालें। चाणक्य जी का कहना है कि जिस घर में अन्न की बर्बादी होती है, वहां हमेशा आर्थिक समस्याएं बनी रहती हैं। इसलिए अपनी इस आदत में जल्द-से-जल्द सुधार करें।

**क्या कहते हैं चाणक्य**

घर-परिवार को सही ढंग से चलाने की जिम्मेदारी घर के बड़े लोगों खासकर मुखिया के कंधों पर होती है। ऐसे में अगर आपके घर में किसी सदस्या को फिजूलखर्ची की आदत है, तो उसमें तुरंत बदलाव करने की जरूरत है। इससे भी परिवार की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ सकता है। क्योंकि एक को देखकर घर के अन्य लोग और बच्चे भी यही सीखते हैं और पैसों का महत्व नहीं समझते। इसलिए न तो फिजूलखर्ची करें और न ही किसी और को करने दें।

**खुद भी करें पालन**

परिवार में जो भी नियम बनाए जाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि घर के सभी सदस्य उनका पालन करें, चाहे वह छोटे हों या बड़ें। क्योंकि अगर बड़े लोग ही नियम तोड़ते हैं, तो छोटे भी यही सिखते हैं। इसलिए अगर आप ही नियमों का पालन नहीं करते, तो अन्य लोगों से भी ऐसा करने की अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए।

**क्या कहते हैं आचार्य चाणक्य**

आचार्य चाणक्य के अनुसार, घर के लोगों के बीच कभी भी भेदभाव की भावना नहीं आनी चाहिए, वरना इससे सदस्यों के बीच बैर भावना उत्पन्न होने लगती है। इसलिए घर के बड़े लोगों खासकर मुखिया को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह अपने से छोटों को कमतर न आंकें और एक की तुलना दूसरे से न करें। परिवार में खुशियां बनाए रखने के लिए इस बात का ध्यान रखना जरूरी है।

### महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पर चढ़ाएं भोलेनाथ की ये प्रिय चीजें, कट जाएंगे सभी पाप

महाशिवरात्रि का पर्व हर साल भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा करते हैं। यह पर्व शिव-पार्वती के मिलन का प्रतीक है। कहा जाता है कि इस दिन कठिन उपवास रखने से सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है। इसके अलावा जीवन में खुशहाली आती है। बता दें इस साल महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाई जाएगी। महाशिवरात्रि को हर साल पूरे देश में बड़ी भव्यता के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर शिव भक्त भगवान शिव के लिए पूर्ण भक्ति के साथ उपवास रखते हैं और उनकी पूजा करते हैं। यह पवित्र दिन शिव-शक्ति के मिलन का प्रतीक है। हिंदू पंचांग के अनुसार, साल 2025 में महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाई जाने वाली है। कहा जाता है कि इस मौके पर शिवलिंग पर कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें अर्पित करने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है, तो आइए उन खास वस्तुओं के बारे में जानते हैं, जो इस प्रकार हैं।



**शिवलिंग पर चढ़ाएं ये चीजें** - महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर गंगाजल, बेलपत्र, दूध, दही, शहद, चावल, काले तिल, गेहूं, धतूरा, भांग, कपूर, सफेद चंदन, भस्म, आंक के फूल आदि चीजें जरूर अर्पित करनी चाहिए, क्योंकि यह वस्तुएं भगवान शंकर को अति प्रिय हैं। इसके साथ ही इन चीजों को चढ़ाने से जीवन में आने वाले सभी संकटों का नाश होता है। वहीं, कुंडली से अशुभ ग्रहों का बुरा प्रभाव कम होता है।

**महाशिवरात्रि पूजा मुहूर्त** - वैदिक पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को हर साल महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस साल फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 27 फरवरी को सुबह 08 बजकर 54 मिनट पर होगा। ऐसे में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इसके साथ ही इस दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त शाम 06 बजकर 19 मिनट से रात 09 बजकर 26 मिनट तक का है। इसके अलावा रात दूसरा पूजा मुहूर्त 09 बजकर 26 मिनट से देर रात 12 बजकर 34 मिनट तक है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# स्वदेशी मेला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एसपी मोहित गर्ग, आने वाला समय स्वदेशी वस्तुओं का है

## समापन समारोह आज 23 को, उपमुख्यमंत्री अरुण साहू मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल



**राजनांदगांव।** स्थानीय स्टेट हाई स्कूल मैदान में आयोजित सात दिवसीय स्वदेशी मेला के छठे दिन बतौर मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम खेमलाल वर्मा ने की। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा मंच पर मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए एसपी गर्ग ने कहा कि स्वदेशी क्षेत्र में हमको बहुत काम करना है। कैमरा से लेकर ड्रोन तक हमको बनाना है। आने वाला समय स्वदेशी का ही होने वाला है। वास्तव में स्वदेशी के माध्यम से देश उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। हमकों यदि कश्मीर का कोई सामान चाहिए तो कश्मीर जाना पड़ता है, उत्तर प्रदेश का चाहिए उत्तर प्रदेश जाना पड़ता है। गुजरात का सामान चाहिए तो गुजरात जाना पड़ता है। राजनांदगांव के स्वदेशी मेले में हमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के समान एक ही जगह आसानी से मिल जाते हैं। मैं 2 वर्षों से यहां पर इस मेले को देख रहा हूं यहां पर पूरे भारत के विभिन्न प्रदेशों से सामग्रियां आती हैं। मिलती हैं। मैं खुद इस मेले में परिवार सहित आता हूं और इसका आनंद लेता हूं।

**इतने बड़े स्तर पर आयोजन करना काफी सराहनीय है: एसडीएम**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम खेमलाल वर्मा ने कहा कि कम समय में इतने बड़े और व्यवस्थित स्वदेशी मेला का आयोजन करना वास्तव में सराहनीय कार्य है। जैसे ही हमको जानकारी मिलती है कि मेला लगने वाला है तथा इसके विषय में कुछ काम रहता है तो हमारे अधिकारी तथा कर्मचारी बड़ी खुशी से काम करते हैं और उनको भी इस मेले का इंतजार रहता है। खुश होकर कहते हैं चलो मेला आ गया परिवार के साथ घूमने के लिए हम जाएंगे। इतने बड़े विशाल आयोजन के लिए आयोजन समिति बधाई की पात्र है। विशिष्ट अतिथि नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि इस सफल आयोजन के लिए मैं पूरी आयोजन समिति को बधाई देता हूं। यह व्यवस्था नहीं या निर्माण का काम है। शहर का विकास और शहर के व्यक्तियों का निर्माण इस मेले के माध्यम से होता है। राजनांदगांव शहर का ऐसा ही कोई व्यक्ति छुटा होगा जो इस मेले में नहीं आता होगा। प्रत्येक व्यक्ति नगर निगम सीमा क्षेत्र और उसके बाहर के लोग इस मेले में आते हैं। परिवार सहित आनंद लेते हैं। इससे पहले कार्यक्रम का स्वागत भाषण समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक चौधरी ने दिया। आभार व्यक्त विनोद डड्ढा ने किया।

**दिनभर अनवरत कार्यक्रम से बढ़ा लोगों का जुड़ाव**

स्वदेशी मेला के सहसंयोजक मूलचंद भंसाली एवं मनोज निर्वाणी ने बताया कि सुबह से लेकर रात तक पूरे मेला प्रांगण में दोपहर में संगोष्ठी, शाम को अतिथि का सत्कार तथा स्वागत अभिनंदन उसके पश्चात गीत संगीत कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों को पूरा समय बिताने का अवसर इस मेले में मिलता है और मेले में नए-नए वस्तुओं को देखने नई चीजों को समझना और स्वदेशी वस्तुओं का हम कैसा उपयोग करें और स्वदेशी वस्तुओं को अपना कर कैसे अपने आप को खड़ा करें यह इस मेले का उद्देश्य रहता है।

**प्रभु श्री राम ने भी स्वदेश और स्वदेशी अपनाया था**

दिनभर चले संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री जगत ने संगोष्ठी के विषय में जानकारी दी। संगोष्ठी कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगत जी ने कहा कि श्रीराम जी ने भी स्वदेश और स्वदेशी को अपना बनाया था। सोने की लंका को जीतने के बाद जब विभीषण ने कहा कि भगवान आप यही रह जाइए और यहाँ राज करे। तब भगवान श्री राम ने कहा था सोने की लंका मुझे नहीं चाहिए मुझे मेरी अवधपुरी मेरे स्वदेश की मेरी स्वदेशी मिट्टी मुझे बहुत प्यारी है वह मुझे सोने से भी ज्यादा प्यारी है। मुझे स्वर्ग नहीं चाहिए मुझे मेरी जन्म भूमि चाहिए और वह मुझे स्वर्ग से भी प्यारी है। स्वदेश के लिए लोगों ने बहुत कुछ छोड़ा है यही हमारी संस्कृति और परंपरा रही है। इसे हमको आगे बढ़ाना है। राजकुमार शर्मा ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच क्या-क्या कार्यक्रम करती है। चाहे वह मेला आयोजन हूं या संगोष्ठी आयोजन या विभिन्न प्रकार के व्यापारिक कार्यक्रम करना और युवा उद्यमी को प्रोत्साहन करने का काम स्वदेशी मेला तथा स्वदेशी जागरण मंच करता है। कैसे यह भारत मजबूत बने इस पर विचार करती है।

**प्रत्येक युवा उद्यमी बने यही हमारा लक्ष्य है: अशोक चौधरी**

वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा भारत एक कृषि प्रधान देश है और भारत में स्वयं कार्य करना और दूसरों को खिलाना भारत की परंपरा रही है। भारत का किसान अपने खेत में अनाज उगाता है और सबका पेट भरता है। वह प्रकृति के भरोसे अपना जीवन यापन करता है और अतिथि को भी भूखे नहीं जाने देता। तात्पर्य यह है कि स्वयं के पुरुषार्थ से बनाया हुआ अन्न अतिथि को भी हम देते हैं। हर घर स्वदेशी हो ऐसा ही यह सोच अभी की नहीं बहुत पुरानी है। भारत में हर घर से युवा रोजगार को प्राप्त करें। उद्यमी बने पूरी दुनिया में हम आगे बढ़े। आज भारत में 33 करोड़ युवा है जितने युवा भारत में है उतने युवा विश्व के किसी देश में नहीं है। यही युवा भारत के भविष्य हैं यही भारत के उद्यमी बनेंगे और भारत को विश्व गुरु के स्थान पर ले जाएंगे। सरकार के पास इतनी नौकरियां नहीं है कि वह भारत के युवाओं को नौकरी दे सके।प्रधानमंत्री ने भी आवाहन किया है कि हर युवा उधमी बने अपने पैर पर खड़े हो ताकि हमारा देश समृद्ध हो मजबूत हो।

**सुनील तिवारी नाइट के जोरदार सांस्कृतिक कार्यक्रम में बांधा समां**

अतिथि मंचन के बाद देर शाम मेला परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। छालीवुड के एक्टर सुनील तिवारी के गाने का नाइट कार्यक्रम हुआ। सुमधुर गीतों ने समां बांधे रखा और दर्शक और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को देखने के लिए इतनी संख्या में लोग पहुंचे की मेला स्थल में पैर रखने की भी जगह नहीं थी। रंगारंग कार्यक्रम की गूंज इतनी जबरदस्त थी कि आसपास से गुजरने वाले लोगों के भी पर कुछ देर के लिए थम गए। आपको बता दें कि सुनील तिवारी छत्तीसगढ़ी फिल्मों के एक्टर हैं। उनका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज है। उन्होंने पंथी नृत्य में 10000 लोगों को एक साथ नृत्य कराया था। जिसका अवार्ड उनके नाम पर है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का पूर्ण संचालन विजय मानिकपुरी ने किया।

**व्यंजन प्रतियोगिता में मनीष श्रीवास्तव, अनामिका ओझा और प्रतिभा साहू रही प्रथम**

स्वदेशी मेला परिसर में प्रत्येक दिन विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नमकीन व्यंजन प्रतियोगिता में मनीष श्रीवास्तव प्रथम और मंजूलता जोशी द्वितीय रहीं। इसी तरह मीठा व्यंजन प्रतियोगिता में अनामिका ओझा प्रथम और मनीष श्रीवास्तव द्वितीय रहीं। छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभा साहू ने बाजी मारी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनन्या स्वर्णकार ने द्वितीय स्थान और अनामिका ओझा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**समापन समारोह में पहुंचेंगे उप मुख्यमंत्री अरुण साव**

स्वदेशी मेला का समापन समारोह 23 फरवरी को शाम 6 बजे आयोजित है। समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल होंगे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद अभिषेक सिंह करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत और विनोद डड्ढा शिरकत करेंगे। आयोजन समिति के प्रभारी भागचंद गीड़िया ने जिले की जनता से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित का आह्वान किया है। आयोजन समिति की माने तो समापन समारोह के दौरान काफी संख्या में लोगों के आने का अनुमान है।

# जिला क्षेत्र क्रमांक 12 से किरण रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित



**छुरिया ( नांदगाँव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई है। देर रात्रि में ही किरण रविन्द्र वैष्णव के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं का आना शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर आतिशबाजी की गई, साथ ही बधाई एवं शुभकामनाएं दी श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि यह जीत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के सभी मतदाताओं व मेरे भाजपा के कार्यकर्ताओं की जीत है।मैं आप सभी को सादर प्रणाम करती हूं।जिन्होंने मुझे अपना बहुमूल्य वोट देकर प्रचंड बहुमत से विजयी बनाया हैं आप सभी नेव दिन-रात मुझसे भी ज़्यादा मेरे लिए मेहनत कर मुझे विजयी बनाया ।आपका आशीर्वाद और स्नेह सदैव ऐसे ही बना रहे, मैं निश्चित रूप से आप सभी के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास निरंतर कार्य करूंगी। मोदी जी की गारंटी और विष्णु के सुशासन के साथ गैंदाटोला क्षेत्र में भी सुशासन का सूर्योदय हो गया है।

# सिंघोला-खुर्सीपार रोड का होगा नवीनीकरण- विभा साहू

## जिला पंचायत अर्जुनी क्षेत्र में पंतग छाप को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक पांच अर्जुनी से कांग्रेस की तेजतर्रार नेत्री श्रीमती विभा साहू का क्षेत्र में सघन जनसंपर्क जारी है। वह रोजाना सुबह से देर रात तक सघन चुनाव प्रचार के साथ ही गांव-गांव में जाकर मतदाताओं से वो पतंग छाप पर वोट देने की अपील कर रही हैं। चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें मतदाताओं का अच्छा समर्थन मिल रहा है।जारी विज्ञप्ति के अनुसार विभा साहू ने जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक पांच अर्जुनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोटरासरार, रामपुर, जंगलपुर, बनभेड़ी, सोनेसरार, रूदगांव, भाखरी, मरेठा नवागांव, सुखरी, संबलपुर, कुतुलबोड़ भाठागांव, करमतरा, मोखली, सालिक झिटिया, खुर्सीपार आदि का सघन दौरा कर मतदाताओं से समर्थन मांगा। उन्होंने ग्रामीणों से रूबरू चर्चा की और उनकी समस्याओं की सुनवाई भी की। करमतरा, मोखली क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने शिकायत की कि सिंघोला से खुर्सीपार तक की सडक़ काफी जर्जर हो चुकी है, जिसकी मरम्मत बहुत जरूरी है। इस पर विभा साहू ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पहला काम सिंघोला-खुर्सीपार रोड की मरम्मत का कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जो भी सार्वजनिक समस्याएं हैं, उन सभी का बारी-बारी से निराकरण और समाधान किया जाएगा। श्रीमती साहू की बातों को सुनकर ग्रामीणों ने उन्हें आश्वस्त किया कि चुनाव में हम सब आपके साथ हैं और पतंग छाप को ही वोट देकर विजयी बनायेंगे। ज्ञात हो कि प्रत्याशी विभा साहू इसके पहले भी इसी क्षेत्र



से जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं, इसलिए क्षेत्रवासियों के लिए विभा साहू एक जाना पहचाना नाम है। क्षेत्र की हर राजनीतिक, सामाजिक और गतिविधियों में वह सक्रिय रहती आई हैं। उल्लेखनीय है कि अर्जुनी क्षेत्र में साहू समाज की बहुलता है, जिसके कारण समाज के लोगों का उन्हें अच्छा खासा समर्थन प्राप्त हो रहा है। इसके अलावा अपने व्यवहार के कारण वह अन्य समाजों के लोगों के बीच भी काफी लोकप्रिय हैं, इसलिए उस क्षेत्र के अन्य वर्ग के लोगों का भी उन्हें समर्थन प्राप्त हो रहा है।

# रेलवे के रनिंग स्टॉफ 36 घंटे भूखे रहकर रेल सेवा में

**डोंगरगढ़ ( नांदगाँव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ सहित अखिल भारतीय स्तर



पर सभी जोन ,मंडल और क्रू लॉबी मे रनिंग स्टॉफ के लोकोपायलेट ,सहायक पायलेट और ट्रेन मैनेजर आल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसियेसन और आल इंडिया गार्ड काउंसिल के बैनर तले अपनी मांगो के समर्थन मे 36 घंटे के भूख हड़ताल पर दिनांक 20 फरवरी सुबह 6बजे से 21 फरवरी शाम 6बजे तक भूखे रहकर रेल सेवा मे तत्पर रहे और सभी लबियों मे धरने पर बैठे रहे।उनकी प्रमुख मांगे मे 25त्न मायलेज रेट मे वृद्धि कराना ,ड्यूटी के घंटे 9 घंटे तक सिमित करना ,बेवजह ट्रांसफर पर रोक ,बेवजह चार्जसीट पर रोक ,और हेड कवार्टर ओवर शूट वर्किंग पर रोक लगाना ,छुट्टी के बाद सुबह 6 बजे बोर्ड मे लेना , सप्ताहिक रेस्ट अन्य स्टॉफ की तरह दिया जाना प्रमुख मांगे है। उपरोक्त मांगो के लिए रनिंग स्टॉफ समय समय पर विरोध करते आ रहे लेकिन रेल प्रशासन का तानाशाही रवैया जारी है।

# दुर्लभ काला तेंदुआ दिखे जाने से नगर में दहशत का माहौल

## स्थानीय कर्मचारी व दैनिक वेतन भोगी कर्मी के पास नहीं पर्याप्त सुरक्षा समाग्री, एसडीओ व रेंजर दुर्लभ प्रजाति जानवर के पुष्टि करना भी गंवारा नहीं समझा



**छुरिया ( नांदगाँव टाइम्स )।** वन परिक्षेत्र छुरिया के अंतर्गत मां दन्तेश्वरी मंदिर के पहाड़ी पर बीते एक सप्ताह से दुर्लभ प्रजाति का काला तेंदुआ की चहल कदमी बनी हुई है । गुरूवार को दोपहर एवं शाम को पहाड़ के उंचे टीले पर काला तेन्दुआ दिखाई देते ही आमजनों की भारी भीड़ उसे देखने उमड़ पड़ी । वहीं इससे बेखबर वनविभाग की कार्यशैली को लेकर नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त था । वहीं जब दिनांक 21 फरवरी को नांदगांव टाईम्स शीर्षक पर दुर्लभ प्रजाति का काला तेंदुआ छुरिया पहाड़ पर देखा गयाच्च् की खबर प्रकाशित होते ही हरकत में आया जहां वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंजर ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते देखा गया । वन परिक्षेत्र छुरिया के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को मां दन्तेश्वरी पहाड़ पर काला तेंदुआ की निगरानी करते रहने कहा गया। जिसके कुछ देर बाद जिले से छुरिया वन परिक्षेत्र पहुंचे एसडीओ ने बैठे बिठाए जानकारी इकट्ठा कर अपना पल्ला झाड़ लिया? जबकि जिले से आये अधिकारी को चाहिए था कि नगर में काला तेंदुआ कि सच्चाई जानने पहाड़ से लगे घरों तक पहुंच कर जायज़ा लेना चाहिए था साथ में किसी प्रकार की पुष्टि के लिए उचित प्राप्त व्यवस्था समाग्री अपने कर्मचारियों को सौंप कर विभाग को पता चल सके कि जो नगर में चर्चा का माहौल है व सही है या ग़लत? हांलांकि अधिकारी व्दारा दैनिक वेतन भोगी व स्थानीय कर्मचारी को तैनात कर दिया गया है लेकिन आपको बता दें विभाग द्वारा सुरक्षा को लेकर प्रयाप्त टार्च व ऐसी कोई समाग्री नहीं दी गई? जिससे यह कहना ग़लत नहीं कर्मचारीयों के जान से खिलवाड़ करने से कम नहीं क्योंकि अधिकारी मौखिक रूप से कर्मचारियों के जान- माल कि चींता छोड़ खानापूर्ति कर आराम फरमाने चलते बने? खानापूर्ति इसलिए कहा जा रहा है कि दिन शुक्रवार को अधिकारी आते हैं वे पग चिन्ह जानवर कि पुष्टि के लिए सही करना चाहते तो शायद पहाड़ के पिछे नहर है जहां कहा जा सकता है वहां कोई भी जानवर हो प्यास बुझाने वहां का पानी पीने वहीं जा सकता है तो क्या विभाग को पुष्टि के लिए कैमरे कि व्यवस्था नहीं किया जाना चाहिए था? लेकिन ऐसा कुछ न कर कौन फालतू में मेहनत करें जैसी वाली बात लग रही है क्योंकि वन विभाग का तो साफ कहना है जंगली जानवर जंगल में नहीं रहेगा तो कहा रहेगा बात तो बिलकुल सही है। किन्तु विभाग को यह भी पता होना चाहिए पुर्व में इसी तरह बरती गई लापरवाही के चलते एक शेरनी को बखरुटोला में जान गंवानी पड़ी थी। ऐसे में विभाग को किसी माध्यम से जानकारी मिल रही है दुर्लभ काला तेंदुए कि संख्या बहुत कम है उसके लिए विभाग को गंभीरता से ध्यान देने जैसे कोई बात नजर नहीं आया? आपको बता दें हमारे देश में काले तेंदुए कि संख्या बहुत कम है उसके साथ किसी प्रकार कि अनहोनी व आमजनों को नुक़सान न हो इस नजरिए से विभाग मुस्तैद हो तो दुर्लभ प्रजाति काला तेंदुआ व आमजनों के बीच डर का माहौल खत्म हो सकता है। रही बात पुष्टि कि तो वार्ड क्र. 1 एवं 6 के रहवासियों से वनविभाग के कक्ष क्रमांक 654 के बीटगार्ड एवं वनकर्मियों ने उनका बयान लिया है। जिसमें वार्डवासियों ने उन्हें बताया कि पहाड़



पर उन्होंने काला तेन्दुआ देखा है जिससे वार्डवासी एवं पालतु जानवरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है तो क्या इससे भी पुष्टि नहीं हो सका। हांलांकि वनविभाग की टीम ने छुरिया पहाड़ के समीप बसे परिवारों के घरों के तरफ निरीक्षण किया जहां वार्डवासियों एवं क्षेत्रवासियों से अपील की कि रात को वे घर से न निकले । वन्यजीव दिखाई देने पर वनविभाग को सूचित करें । ऐसे में अब यह देखने वाली बात होगी वन विभाग कैसे काले तेंदुए कि पुष्टि कर पाते हैं। लेकिन उसे पहाड़ पर देखे जाने से छुरिया सीमा क्षेत्र के रहवासियों में डर एवं भय का वातावरण बना हुआ है ।

> वनविभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है, मुनादी कराकर लोगों को सुरक्षित रहने की अपील की गई है।
>
> **भूपेन्द्र कुमार उइके, वन परिक्षेत्र अधिकारी-बागनदी**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com